ोजें बेचने आती हैं, कोई बरतन बेचने आती ं, कोई औरतें कपड़े ले कर उन स्त्रियों को बरतन देती हैं और इस के जरिये से वह घरों में घुस जाती हैं और स्त्रियों को बहकाती हैं और इस तरह से बहुत सी देहात की स्त्रियां भगाई जाती हैं । फिर वनिताश्रम में दो, चार, दस दिन रक्खी जाती हैं, उस के बाद बहुत से दलाल लगे रहते हैं जिन के जरिये से वह स्त्रियां दूसरी दूसरी जगहों पर रुपया ले कर के बेची जाती हैं ।

इसी प्रकार से, श्रीमती जी, आप देखिये कि ड़कों पर बच्चे अनाथालय के नाम पर घूमा रते हैं, पैसे मांगते हुए घरों में घुस जाते हैं, ाड़ियों में चलते हैं, कहीं पर बांसुरी बजाते हैं हीं ढोल बजाते हैं, यहां पर भी आप देखिये क जो पार्लियामेन्ट के मेम्बरों के बंगले हैं वहां अक्सर इस तरह के बच्चे और स्त्रियां आती और कोई खत दिखा कर के कहती हैं, बच्चे खत दिखा कर कहते हैं, उस पर मोहर भी गी होती हैं, वह कहते हैं कि हम अनाथालय आये हैं और इस प्रकार से वह सहायता मांगते । यह चीजें आज इतनी स्पष्ट हैं कि मैं उन ो दोहराना नहीं चाहता, किन्तु अपने ला मिनिस्टर साहब से मैं इस बात की प्रार्थना करना चाहता हूं कि जिस प्रकार से अभी उन्होंने एक नोट पेश किया है कि हम ने ऐसा ऐसा काम किया है । मैं समझता हूं कि वह इस नोट को दोहरावेंगे और फिर उस के बाद अपनी राय को कायम करेंगे । मैं तो यही प्रार्थना करूंगा कि उन्होंने अपनी जो राय पेश की है इस को जरूर दोहराने की कोशिश करें और ैसा कि हमारे मित्र ने बताया कि यह बिल कान्करेन्ट लिस्ट में आता है और जितने इस प्रकार के चैरिटेबल इंस्टिट्यूशन्स हैं उन के लिये इस प्रकार का कायदा यहां बनाया जा सकता है । मैं तो यह कहने वाला था कि गवर्नमेन्ट को इस में कोई बाधा नहीं होनी चाहिये थी कि जिस समय यह बिल आया उसी वक्त गवर्नमेन्ट की तरफ से एक सुझाव आता कि हम इस के बारे में दोनों हाउसेज की एक ज्वाइंट कमेटी बनाते हैं और इस में जो कुछ खामियां हैं उन को दूर करते हैं ।

5 P.M.

Mr. Chairman: Order, order. The hon. Member can continue the next day.

ELECTRICITY (SUPPLY) AMENDMENT BILL

(Amendment of section 77 etc.)

Shrimati Renu Chakravartty (Basirhat): I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Electricity (Supply) Act, 1948.

Mr. Chairman: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Electricity (Supply) Act, 1948."

The motion was adopted.

Shrimati Renu Chakravartty: I introduce the Bill.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Saturday, the 11th December, 1954.